आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 29.11.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – भारत को विकसित बनाने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज का हर वर्ग इस विकास यात्रा में समान भागीदारी निभाए।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रिवर्स माइग्रेशन कर रहे प्रवासी उत्तराखंडी। पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अब तक 6 हजार से अधिक लोग वापस गांव लौटे।
- बागेश्वर में आयोजित जिला स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव में छात्रों ने मॉडल, भाषण और क्विज प्रतियोगिताओं में अपनी ज्ञान–प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत जिस गति से इस समय विकास के पथ पर अग्रसर है, उसे देखते हुए युवाओं के अंदर उत्साह होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज का हर वर्ग इस विकास यात्रा में समान भागीदारी निभाए। श्री सिंह आज मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में एक सौवें फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आप सभी 'राष्ट्र सेवा, जन सशक्तिकरण और सार्थक बदलाव' की भावना से प्रेरित हैं और यही भावना आपको उत्कृष्ट, संवेदनशील और प्रभावी लोक सेवक बनाएगी।

रिवर्स पलायन

उत्तराखंड पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अगस्त 2025 तक छह हजार 282 ऐसे लोगों ने रिवर्स पलायन किया है, जो लंबे समय से अपने गांव से दूर रह रहे थे। इन्होंने पिछले कुछ वर्षों में पलायन किया था। सबसे ज्यादा एक हजार 213 लोगों ने पौड़ी जिले में रिवर्स पलायन किया है। अल्मोड़ा जिले में 976, टिहरी में 827 और चमोली जिले में 760 लोगों ने रिवर्स पलायन किया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. शरद सिंह नेगी ने बताया कि वापस लौटे ये लोग बागवानी, मत्स्य पालन और पर्यटन के अलावा अन्य रोजगार के साधनों से अपनी आजीविका शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अलग–अलग गांवों में देश और विदेश से लौटे इन लोगों को एकजुट करके आयोग सभी का अनुभव लेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरियाणा के कुरूक्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो दिव्य उपदेश प्रदान किया, वही श्रीमद् भगवद् गीता के रूप में मानवता का शाश्वत ज्ञान बनकर पूरे विश्व को दिशा दिखा रहा है। इस भूमि से धर्म, कर्तव्य, सत्य, निष्काम कर्म और आत्मोन्नति का संदेश सम्पूर्ण मानव समाज में प्रवाहित हुआ। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन की कालजयी मार्गदर्शिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार ने राज्य के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन गीता के श्लोकों के पाठ को अनिवार्य किया है।

सामाजिक विज्ञान महोत्सव

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बागेश्वर में पहली बार जिला स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में जिले के तीनों विकास खंडों से चयनित 18 छात्रों ने मॉडल, भाषण और क्विज प्रतियोगिताओं में अपनी ज्ञान–प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक रवि कुमार जोशी ने बताया कि प्रतियोगिताएं पूरी तरह पारदर्शी और शैक्षणिक मानकों के अनुरूप आयोजित की गईं। छात्रों ने विषय की गहरी समझ और बेहतरीन प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि तीनों विधाओं में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अगले महीने पिथौरागढ़ में होने वाले राज्य स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव में बागेश्वर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतिभागी दीपांशु कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने मॉडल में जल संरक्षण पर काम किया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

एबीवीपी सम्मेलन

देहरादून में चल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद– एबीवीपी के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन के आज दूसरे दिन शिक्षा की भारतीय संकल्पना, वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य व हमारी भूमिका विषय पर भाषण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में एबीवीपी के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. राजशरण शाही ने कहा कि विद्यार्थी

परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन इसलिए है कि परिषद ने देश के शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता स्वास्थ्य शिक्षा, विश्वविद्यालयों की शिक्षा के साथ ही इंजीनियरिंग व अन्य विषयों के छात्रों के साथ पूरे समर्पण के साथ जुड़ा है और हर विद्यार्थी की समस्याओं का समाधान कर रहा है। उद्घाटन सत्र के बाद पांच समानांतर सत्रों में वैश्विक जेन–जी, आंदोलन व भारतीय युवा, एआई चेट जीपीटी, बांग्लादेशी घुसपैठ, एसआईआर, विकसित भारत का लक्ष्य, ऑपरेशन सिंदूर, बदलता सुरक्षा परिदृश्य आदि पर चर्चा की गई।

दिव्यांग शिविर

देहरादून जिला प्रशासन आगामी चार दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध करने के लिए शिविर आयोजित कर रहा है। शिविर में पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा। साथ ही चिकित्सा जांच के आधार पर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप व्हीलचेयर, वॉकर, बैसाखी, श्रवण यंत्र और ट्राई–साइकिल सहित कई प्रकार के सहायक उपकरणों की पहचान की जाएगी। चिन्हीकरण के बाद पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क सहायक उपकरण बांटे जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि चार दिसंबर को रायपुर ब्लॉक सभागार से शिविर की शुरुआत की जाएगी।